दैनिक जागरण
04-03-2025

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है आज के दौर की आवश्यकता : रोहित



एआइ पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागी। • सौजन्य विज्ञप्ति

## जीएमएन कालेज द्वारा एसडी कालेज में आयोजित कराया गया कार्यक्रम

जागरण संवाददाता, • अंबाला : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जागरूकता पर गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज ने सनातन धर्म कालेज अंबाला कैंट में कार्यक्रम का आयोजन किया। डा. मीनाक्षी गुप्ता ने जीएमएन कालेज के संकाय का स्वागत किया। जीएमएन कालेज के संकाय (डा. गीता कौशिक, डा. भारती सुजान और कमलप्रीत कौर) पीजी कालेज के छात्रों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा की। कार्यक्रम को बीसीए बीबीए और बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मौलिक एआइ अवधारणाओं, अनुप्रयोगों और क्षेत्र में भविष्य की करियर संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। सत्र के दौरान कंप्यूटर विज्ञान विभाग के शिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डीन डा. प्रबलीन कौर की देखरेख में किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सराहना की और कहा कि यह कार्यक्रम जो आकार ले रहा है, उसे लेकर वह बहुत आशावादी हैं। जीएमएन कालेज में विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कालेज के वाणिज्य विभाग एवं प्रबंधन विभाग द्वारा एक्सप्लोरिंग ग्लोबल आपच्र्यूनिटीज़ : बिल्डिंग ए करियर इन इंटरनेशनल अकाउंटिंग पर संगोष्ठी का आयोजन किया। सत्र के उपरांत डा. भारती सुजान एवं कमलप्रीत कौर के मार्गदर्शन में एक साक्षात्कार सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 15 विद्यार्थियों का चयन किया।